महत्वपूर्ण एवं खास

बुर्जुग के सिर पर अज्ञात स्कूटी सवार लड़कों ने बीयर के बॉटल से मारकर चोट पहुंचाया, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सायकल से घर आ रहे बुजुर्ग को रास्ते में स्कूटी सवार अज्ञात तीन लड़कों ने बीयर के बॉटल से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम फुण्डहर भाठापारा रायपुर निवासी नंद कुमार निषाद 56 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 5 जून को शाम 6 बजे के करीब प्रार्थी ड्यूटी से वापस अपने घर जा रहा था तभी फुण्डहर चौक एक्सप्रेस-वे रोड के पास सफेद स्कूटी में तीन लड़के आकर प्रार्थी के पास आकर यह खेत तुम्हारा है कहा व उनके से एक लड़के ने प्रार्थी के सिर पर बॉटल से मारकर चोट पहुंचाया। जिसके चलते वह वहीं आंख बंद कर बैठ गया। जब आंख खोला तब उसके पास रखा पर्स जिसमें 2 हजार रुपये एवं एक कीपेड मोबाईल नही था कही गिर गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

नशीली टेबलेट के साथ एक गिरफ्तार, 860 नग टेबलेट व बाईक जब्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में पुलिस ने एक बाईक सवार युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में नशीली टेबलेट जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वतीनगर पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर 05 जून को रात 7.30 बजे दिशा कॉलेज के पास वीर शिवाजी नगर कोटा में एक बाईक सवार व्यक्ति को रोककर तलाशी लेने के दौरान उसके पास से एक बैग में बड़ी मात्रा में स्वेनो क्रोकसीबोन प्लस नशीली टेबलेट बरामद की है। जिसे पुलिस ने जब्त कर ली है। आरोपी के पास से 860 नग नशीली टेबलेट व पैशन प्रो.मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 केई 5243 को जब्त किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम पुछने पर उसने अपना नाम रानु दूबे 34 वर्ष पिता स्व.राजेन्द्र प्रसाद दूबे बताया है। उसके खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट 22 बी के तहत अपराध कायम कर हिरासत में लिया गया है।

बाइक के अनियंत्रित होकर गिरने से युवक की हुई मौत

जगदलपुर (आरएनएस)। नगरनार थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम धनपुंजी निवासी युवक वासुदेव की बाइक के अनियंत्रित होकर गिर जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, दुर्घटना की सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया। नगरनार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज शाम को ग्राम धनपुंजी निवासी वासुदेव उम्र 40 वर्ष जो अपनी बाइक से माचकोट की ओर जा रहा था, ग्राम देवड़ा मोड़ के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होने से गिर पड़ा, जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई, मृतक मजदूरी का काम करता था।

कर्ज से परेशान वृद्ध दंपत्ती ने लगाई फांसी

राजनांदगांव (आरएनएस)। शहर से लगे सिंघोला में अधेड़ दंपती ने कर्ज से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों का शव सुबह खेत में एक ही रस्सी पर फंदे से लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार 58 वर्षीय धनुष साहू और 54 वर्षीय उनकी पत्नी सोना बाई का शव शनिवार सुबह फंदे पर लटका मिला। दोनों ने एक ही रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। धनुष साहू एक निजी स्कूल का ऑटो चलाते थे, लेकिन कोरोना की पहली लहर और लॉकडाउन के दौरान उनका काम बंद हो गया। इसके बाद दोबारा उन्हें काम पर वापसी की कोई उम्मीद नहीं दिखी। इसी दौरान धनुष ने कर्ज लेकर अपने खेत में मछली पालन के लिए तालाब खुदवाना शुरू किया था। उन्होंने मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए के लोन की अर्जी भी लगा रखी थी, लोन पास होने की उम्मीद पर उन्होंने अपनी दो बेटियों के ससुराल पक्ष से करीब 3 लाख रुपए का कर्ज भी ले लिया। लेकिन अचानक ही उनका लोन पास नहीं हो पाने की खबर मिली।

मोदी सरकार अहंकार का त्याग कर तीनों किसान विरोधी कानूनों को वापस लें

» तीन काले किसान विरोधी कानूनों की आज बरसी पर कांग्रेस की मांग

रायपुर (आरएनएस)। तीन काले किसान विरोधी कानूनों की आज बरसी पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा है कि मोदी सरकार अहंकार का त्यागकर कृषि कानूनों को वापस लें। आज इन काले कानूनों की बरसी पर मोदी सरकार को चाहिए कि वो देश के किसानों के संघर्ष का सम्मान करते हुये अपने निर्णय को वापस लेने की घोषणा करें। इन किसान विरोधी कानूनों को फौरन खारिज करे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा है कि जब भी 'प्रजातंत्र की देवता-देश की जनता' की अदालत में इन मोदी सरकार की किसानों पर की गयी 'क्रूरताओं और बर्बरताओं' का मुकदमा चलेगा तब 500 से अधिक किसानों की शहादतें, लाखों किसानों की राह में बिछाए गए 'कील और काँटे', महीनों सड़कों पर पड़े रहने की वेदनाएं और 62 करोड़ किसान-मजदूरों की असहाय पीड़ा मोदी सरकार के किसान विरोधी चरित्र का जीता जागता सबूत बनेंगी। प्रजातंत्र के देवता-देश की जनता का ऐसा फैसला होगा, ताकि भविष्य के भारत में फिर कभी कोई तानाशाह देश के किसानों के खिलाफ ऐसा दुःसाहस न कर पाए।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा है कि किसान विरोधी मोदी सरकार तीन क्रूर काले कृषि अध्यादेश आज ही के दिन 5 जून, 2020 को लेकर आई थी। मोदी जी कोरोना महामारी की आपदा के समय वे इन काले कानूनों से अपनी उद्योगपति मित्रों के लिये अवसर लिख रहे हैं।

मोदी जी ने इन किसान विरोधी कानूनों से 25 लाख करोड़ सालाना के कृषि उत्पादों के व्यापार को अपने चंद पूँजीपति दोस्तों के लिए 'अवसर' लिखा और 62 करोड़ किसानों के हिस्से में दुख और परेशानी लिख दी।

इन काले कानूनों में भाजपा सरकार ने अपने पूँजीपति दोस्तों के लिए अनाज का भंडारण - जमाखोरी - कालाबाजारी करने की कानूनी छूट लिख दी और किसानों के हिस्से में लाठीचार्ज, पानी की बौछार और आँसू गैस के गोलों की 'प्रताड़ना' लिख दी।

इन तीनों काले कानूनों से मोदी जी ने अपने पूँजीपति दोस्तों के लिए मनमाने दामों पर फसलों को खरीदने का 'इनाम' लिख दिया और किसान भाइयों के भविष्य को रौंद कर अनाज मंडी और समर्थन मूल्य की व्यवस्था की समाप्ति का 'फरमान' लिख दिया।

इन काले कानूनों से मोदी सरकार कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के अनैतिक प्रावधानों के माध्यम से अन्नदाता भाईयों को चंद पूँजीपतियों का 'बंधुआ मज़दूर' बनाना चाहती है। 2014 में बनी, मोदी सरकार को चंद पूँजीपतियों ने सत्ता का झूला झुलाया था, वो आज किसानों को बर्बाद और तबाह कर उनका कर्ज अदा कर रही है।

मोदी सरकार के किसान विरोधी चरित्र पर तीखा हमला करते हुये पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा है कि

मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही 2014 में अध्यादेश के माध्यम से किसानों की जमीन हड़पने की कोशिश की।

2015 में सुप्रीम कोर्ट में शपथपत्र दे दिया कि किसानों को लागत + 50 प्रतिशत मुनाफा कभी भी समर्थन मूल्य के तौर पर नहीं दिया जा सकता।

खरीफ 2016 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लेकर आए, जिससे चंद बीमा कंपनियों ने 26,000 करोड़ रु. का मुनाफा कमाया।

अपने पूंजीपती मित्रों का तो लगभग दस लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया पर किसान की कर्जमाफी के नाम पर मुंह मोड़ लिया।

रही सही जो कसर बची थी, वो डीज़ल पर 820 प्रतिशत एक्साईज़ ड्यूटी बढ़ा तथा खेती पर टैक्स लगा पूरी कर दी।

73 साल के इतिहास में देश में पहली बार खाद पर 5 प्रतिशत, कीटनाशक दवाई पर 18 प्रतिशत, ट्रैक्टर व खेती के उपकरणों पर 12 प्रतिशत जीएसटी टैक्स लगा डाला।

मोदी सरकार के किसान विरोधी चरित्र का सिलसिलेवार विवरण जारी करते हुये पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा है कि अब मोदी सरकार किसानों के खिलाफ इतनी कार्यवाहियों से ही बाज नहीं आई। 5 जून, 2020 को तीन काले कानूनों के माध्यम से किसानों की आजीविका पर फिर से डाका डालने की साजिश रची है जो नाकाम होकर रहेगी।

9 साल के बच्चो की किडनैपिंग और हत्या मामले में राजधानी से तीन आरोपी गिरफ्तार

» बैंगलुरू में की थी किडनैपिंग

» आरोपियों ने मांगी थी 25 लाख की फिरौती

रायपुर (आरएनएस)। बेंगलुरु में फिरौती के लिए 9 साल के बच्चे का अपहरण तथा हत्या के मामले में राजधानी रायपुर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़ने बेंगलुरु पुलिस ने रायपुर पुलिस की मदद मांगी थी। मामलें में पुलिस ने राजधानी के मठपुरैना इलाके से तीन आरोपी जुनैद,रिज़वान और नौशाद को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि बेंगलुरु के हेपागुड़ा थानाक्षेत्र में आरोपियों ने नौ साल के एक मासूम बच्चे का अपहरण किया था तथा बच्चे को छोड़ने के एवज में उसके पिता से 25 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी साथ ही समय पर फिरौती की रकम ना देने पर आरोपियों ने बच्चे को जान से मारने की धमकी दी थी। बच्चे के पिता द्वारा पैसे की व्यवस्था नही कर पाने के चलते आरोपियों ने बच्चे की निर्मम हत्या कर दी थी और फरार हो गए थे। और रायपुर के मठपुरैना क्षेत्र में छुपे हुए थे। इस घटना के बाद अरोपियों की तलाश कर बेंगलुरू पुलिस ने आरोपियों की सूचना मिलने पर रायपुर पुलिस के साथ मिलकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोरोना संक्रमित आठ लाख के ईनामी नक्सली कमांडर की इलाज के दौरान हुई मौत

जगदलपुर (आरएनएस)। कोरोना संक्रमित नक्सलियों के कम्युनिकेशन टीम का कमांडर गद्दाम मधुकर उर्फ सोबराय की हैदराबाद में इलाज के दौरान मौत हो गई है। सोबराय को कोरोना के उपचार के लिए जाते समय तेलंगाना के वारंगल जिले में गिरफ्तार किया गया था। आठ लाख के ईनामी नक्सली सोबराय की मौत की पुष्टि बस्तर आईजी पी. सुंदरराज ने की है।

गौरतलब है कि कोरोना संक्रमित नक्सली सोबराय को 01 जून को इलाज के लिए जाते समय तेलंगाना के वारंगल पुलिस ने वाहनो की जांच के दौरान गिरफ्तार किया था। पड़ोसी राज्य तेलंगाना के कोमुरम भीम जिले का निवासी आठ लाख का ईनामी नक्सली सोबराय 22 वर्षों से नक्सल गतिविधियों से जुड़ा हुआ था, जिसे गिरफ्तार किए जाने के बाद उसे कोरोना के इलाज के लिए हैदराबाद के अस्पताल में दाखिल किया गया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

सोबराय ने गिरफ्तारी के बाद स्वयं यह खुलासा किया था कि कटाकम सुदर्शन उर्फ आनंद उर्फ मोहन, थिप्परी तिरुपति उर्फ देवूजी उर्फ चेतन उर्फ संजीव उर्फ रमेश, यापा नारायण उर्फ हरिभूषण उर्फ लकमा, बड़े चोक्का राओ उर्फ दामोदर, कनकनाला राजी रेड्डी उर्फ धर्मन्ना उर्फ वेंकटेश, कट्टा रामचंद्र रेड्डी उर्फ विकल्प (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी प्रवक्ता), मूला देवेंद्र रेड्डी, कुनकटी वेंकटियाह उर्फ विकास (दक्षिण बस्तर, सचिव), मुचाकी उंगल उर्फ रघु उर्फ सुधाकर कोडी मंजूला उफ निर्मला, पुसम पद्मा और ककरला सुनीथा उर्फ बुदरा कोरोना पीड़ित हो गए है। उन्होने यह भी बताया था कि नक्सली लीडर कोरोना संक्रमितों को बेहतर इलाज के लिए बाहर जाने नहीं दे रहे हैं। यही नहीं सुकमा के सिलगेर में कैम्प खुलने के विरोध में जुटे छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के सीमावर्ती गांवों के ग्रामीणों के भी कोरोना संक्रमित होने की बात कही जा रही है।

कोरोना महामारी ने उजागर किया एनपीएस का खोखलापन

» प्रदेश में लागू हो पुरानी पेन्शन स्कीम- फेडरेशन

रायपुर (आरएनएस)। 2004 में जब देश व प्रदेश में नई पेंशन योजना लागू की गई थी तो शासकीय कर्मचारियों को बड़े सब्जबाग दिखाये गये थे, शासकीय कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद 60 प्रतिशत राशि एकमुश्त देने जो प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी के कर्मियों के लिये क्रमशः 1 करोड़ 50 लाख व 25 लाख हो सकती है, शेष 40 प्रतिशत से मासिक पेशन जीवन भर दिये जाने का खोखला भरोसा दिया गया था। शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन छ.ग. के संयोजक अनिल शुक्ला, महासचिव ओ.पी. शर्मा, कमलेश राजपूत, राकेश साहू प्रवक्ता संजय तिवारी ने संयुक्त बयान में बताया कि ''शेयर मार्केट आधारित'' नवीन पेंशन स्कीम में ''पारिवारिक पेंशन'' का प्रावधान न होने से इस पूरी पेंशन प्रणाली का खोखलापन उजागर हो गया है। कोरोना महामारी में सैकड़ों कर्मियों कर्मचारियों का निधन हुआ किन्तु कर्मचारियों व नियोक्ता का अंशदान शेयर मार्केट की सूचीबद्ध कम्पनियॉ गटक गई है।

❒ **सुधार की कोशिशे - अपर्याप्त-** फेडरेशन के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि देश में हजारों कर्मचारियों के कोरोना के कारण निधन व आश्रित परिजनों के भयावह आर्थिक दशा को देखते हुए केन्द्र सरकार वे एवं राष्ट्रीय पेशन नियामक प्राधिकरण ने तीन महत्वपूर्ण बदलाव किये है। पहला 31 जनवरी 2019 को नियोक्ता का अंशदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया गया। दूसरो 30 मार्च 2021 व तीसरा 17 मई 2021 को दो पृथक पृथक अधिसूचना जारी कर नवीन पेंशन स्कीम में पारिवारिक पेंशन का प्रावधान कर दिया है। इन सुधारों को अपर्याप्त व नाकाफी बताते हुए तंज कसते हुए प्रवक्ता श्री तिवारी ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर या अन्य कारणों से यदि कर्मचारी की मृत्यु होती है तो वह इस सुकुन से अब मर सकता है कि मृत्यु उपरांत उसके परिवार का आर्थिक जीवन बेहतर होगा।''

❒ **राज्य में लागू हो पुरानी पेंशन-** अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक अनिल शुक्ला, फेडरेशन से सभी 27 घटक संघो के प्रान्ताध्यक्षों की ओर से प्रवक्ता संजय तिवारी ने 2018 के जनघोषणा पत्र के अनुसार राज्य के शासकीय कर्मियों के लिये पुरानी पेंशन लागू किये जाने की मांग की है। श्री तिवारी ने कहा कि कोरोना महामारी से 1188 कर्मचारियों का निधन हुआ जिसमें 580 कर्मचारी नवीन पेंशन योजना के तहत आते थे, जिनका परिवार आर्थिक दरिद्रतामय जीवन यापन कर रहा है। राज्य में अब तक न तो केन्द्र की 31 जनवरी 2019 के आदेशानुसार नियोक्ता का अंशदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया है, न ही 30 मार्च 2021 एवं 17 मई 2021 की केन्द्र की अधिसूचनाएँ राज्य में लागू की गई है ऐसे में राज्य कर्मचारियों के लिये शीघ्र पुरानी पेंशन बहाल की जानी चाहिये।

चाकू दिखाकर डराने धमकाने वाला आदतन बदमाश गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के बोधघाट थाना अंर्तगत नया बस स्टैण्ड गुरूद्वारा के पास चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले आदतन बदमाश राहुल मण्डावी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट की परिधि में आने से धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है। आरोपी को मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया है। सीएसपी हेमसागर सिदार ने बताया कि आज दोपहर में सूचना प्राप्त हुआ कि एक युवक नया बस स्टैण्ड गुरूद्वारा के पास चाकू लेकर लोगो को डरा धमकाकर भय का माहौल बना रहा है। सूचना पर थाना बोधघाट से कार्यवाही हेतु बल रवाना किया गया मौके पर पुलिस को एक व्यक्ति चाकू लहराकर लोगो को डरा धमका रहा था। जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिससे पूछताछ पर अपना नाम राहुल मण्डावी निवासी बहादुरगुड़ा का होना बताया जिसके कब्जे से एक बटन चाकु मिला। जिसे रखने के संबंध में कोई उचित आधार नही पाया गया एवं आरोपी राहुल मण्डावी के कब्जे से उक्त बटनदार चाकु जप्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने अपने निवास परिसर में लगाया हर्रा और चार का पौधा

» प्रदेशवासियों को वृक्ष लगाने और उनकी रक्षा करने का संदेश दिया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास परिसर में हर्रा और चार के पौधे रोपकर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने इस मौके पर प्रदेशवासियों को अपने पर्यावरण को स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए वृक्ष लगाने और उनकी देखरेख कर उनकी रक्षा करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष अपने निवास परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बोहार का पौधा लगाया था, जो अब 5 फिट ऊंचा हो गया है। बघेल ने पौधे के पास जाकर उसकी बाढ़ देखकर संतोष प्रकट किया।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी और वनमण्डलाधिकारी रायपुर विश्वेश कुमार झा उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहयता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

विश्व पर्यावरण दिवस : आंगनवाड़ी केंद्रों में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए - मंत्री अनिला भेड़िया

रायपुर (आरएनएस)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया द्वारा अभनपुर के ऊपरवारा आंगनबाड़ी तथा आरंग के खपरी आंगनवाड़ी केंद्रों में फलदार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। श्रीमती भेड़िया ने कहा कि हमें पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए तथा आंगनबाड़ी सहित सभी स्थानों में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, विभाग कि सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ,संचालक श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा तथा सरपंच उपरवारा श्रीमती योगिता गिरधर पटेल तथा विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

श्रीमती भेड़िया ने दोनों आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर संचालित योजना , कुपोषण एवं रेडी टू ईट की जानकारी भी प्राप्त की । उन्होनें ऊपरवारा में एक मिनी आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण आंगनवाड़ी केंद्र बनाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया । उन्होनें झूला घर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निराकरण के निर्देश भी दिए ।

इस अवसर पर दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों में 30 फलदार पौधे लगाए गए। मुख्य रूप से आम, अमरूद, कटहल ,जामुन ,आंवला तथा छायादार पौधे का वृक्षारोपण किया गया । ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि अब गांव में अब कोरोना के मरीज नहीं है तथा उन्होनेंआंगनबाड़ी को आरंभ करने हेतु अनुरोध किया गया।